**खबर संक्षेप**

### महिलाओं ने निर्माणधीन मकान का कॉलम तोड़ा



**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना में शनिवार को महिला शिकायत लेकर पहुंची। जहाँ उसने बताया कि उसके निर्माणाधीन मकान के कॉलम को उसके ही गाँव की कुछ महिलाओ ने जबरन गिरा दिया है। शिकायत लेकर पुलिस ने जांच उपरान्त कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम भटिया निवासी शोभा गुप्ता पति गणेश गुप्ता उम्र 29 वर्ष ने शिकायत करते हुए बताया कि वह गांव में अपने मकान का निर्माण करा रही है। मकान के कई पिलर आधे खड़े किए जा चुके हैं, इस बीच शनिवार को गांव की ही कुछ महिलाओ ने जबरन विवाद करते हुए उक्त निर्माण को तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि महिला की शिकायत ले ली गई है, राजस्व विभाग से पूरे जमीन के संबंध में जानकारी लेकर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### मुक्ता ने किया सिंधी समाज का नाम रोशन



**बुढ़ार।** स्थानीय प्रतिष्ठित कारोबारी लक्ष्मण दास चंदानी की पौत्री और दीपक चंदानी की पुत्री मुक्ता चंदानी ने सीए की फायनल परीक्षा उत्तीर्ण की है, सिंधी समाज बुढ़ार, धनपुरी, अमलाई के द्वारा मई 2024 में आये द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउण्टेंट ऑफ इंडिया के वार्षिक परीक्षाओं के नतीजे में मुक्ता ने 345 अंको से उत्तीर्ण कर परिवार और समाज को गौरवांनवित करने पर शुभकामनाएं प्रेषित की है, सिंधी समाज के अध्यक्ष दौलत मनवानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश विश्नानी, समाज के पूर्व सचिव सोनू आहूजा, बल्लू विश्नदसानी, संजय डोडवानी सहित अन्य प्रबुद्धजनों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### जयसिंहनगर विधायक कार्यालय का उद्घाटन आज

**शहडोल।** विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर की विधायक मनीषा सिंह ने विधानसभा क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए कार्यालय खोले जाने का निर्णय लिया। यह कार्यालय पॉलिटेक्निक ग्राउंड के पास मुख्य मार्ग पांडव नगर शहडोल में 14 जुलाई दिन रविवार को खोला जा रहा है, जिसका भव्य उद्घाटन दोपहर 12 बजे दिन को किया जाना है। विधायक मनीषा सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों से उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। विधानसभा कार्यालय खुल जाने से क्षेत्र की जनता को अपनी समस्याओं एवं सुझावों के लिए अपनी बात रखने का स्थान निर्धारित हो जाएगा, जिससे उनकी समस्याएं एवं सुझाव उनके जनप्रतिधित तक आसानी से पहुँच सकेगी।

### अतुल 91वीं रैंक प्राप्त कर बने अस्टिेंट कमाण्डेंट



**शहडोल।** रेलवे सुरक्षा बल में कार्यरत सहायक उपनिरीक्षक शुभांकर सिंह के पुत्र अतुल सिंह ने यूपीएससी की परीक्षाओं में पहले ही प्रयास के दौरान एआईआर में 91 वीं रैंक प्राप्त की है। अतुल को सीआईएसएफ में अस्टिेंट कमाण्डेंट के पद पर नियुक्ति दी गई है। अतुल अपनी प्रारंभिक शिक्षा महाराष्ट्र के नागपुर स्थित शिक्षण संस्थान भारती विद्या मंदिर से प्राप्त की थी तथा बीटेक आईटीआई मुंबई केमिकल ब्रांच से किया, अतुल के सीआईएसएफ में अस्टिेंट कमाण्डेंट बनने पर रेलवे सुरक्षा बल शहडोल और अनूपपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अतुल के आगमन पर रेलवे स्टेशन में उनका फूलमाला से स्वागत किया।

## व्यवस्था की पटरी से दूर हुए आदिवासी छात्रावास

# बच्चियों से मारपीट, छात्रों का आंदोलन और अब छात्र की पिटाई

*आदिवासी विकास विभाग के साथ शिक्षा व डीपीसी के अधीन है छात्रावास*

*दशकों से जमें बाबुओं और अधीक्षको के हाथ लगा अलादीन का चिराग*

जिले में संचालित लगभग सैकड़ा भर आदिवासी छात्रावास विभाग और यहां पदस्थ बाबुओं व अधीक्षकों के लिए अलादीन का चिराग बन चुके हैं, आदिवासी विकास विभाग के साथ ही जिला शिक्षा केन्द्र व जिला शिक्षा कार्यालय में पदस्थ विभाग प्रमुखों व अधीक्षकों ने इन छात्रावासों को दुधारू गाय बना छात्रों को गर्त में ढकेलने का काम किया है।

शहडोल






बीते एक माह के दौरान जिला मुख्यालय के इर्द-गिर्द स्थित आदिवासी छात्रावासों की अव्यवस्थाओं के मामले लगातार सामने आये हैं, बीते सप्ताह जहां अनूपपुर से शहडोल छात्रावास में आई दो नाबालिग बच्चियां दीवाल फांद कर भाग निकली, वहीं छात्रावासों में रह रहे बच्चों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन दिया। तीसरा मामला ग्राम हर्री के एकलव्य छात्रावास का सामने आया, जहां 9 वीं के छात्र के साथ गंभीर मारपीट की गई, यह तीनों ऐसे मामले थे जो, मुख्यालय के इर्द-गिर्द थे, मीडिया की सजगता से सामने आ गये। जिले के अन्य चार विकास खण्डों और मुख्यालय से दूर के छात्रावासों में इस तरह के मामले रोजाना घटित हो रहे हैं, यहां आदिवासी बच्चों के उत्थान के नाम पर हर माह करोड़ों का बजट छात्रावासों को आवंटित हो रहा है और वार्षिक नतीजे उनकी सफलता की कहानी खुद बयां कर रहे हैं।

### वर्षो से जमें बाबु-अधीक्षक

आदिवासी विकास विभाग के साथ ही जिला शिक्षा केन्द्र और जिला शिक्षा कार्यालय के अधीन एक सैकड़ा छात्रावास जिले में संचालित हैं, इन छात्रावासों में अधीक्षक पद की नियुक्ति के लिए विभाग में बैठे बाबु हर साल बोली लगाते हैं, अचरज इस बात का है कि वर्षो से तैनात अधीक्षक कहीं संलग्नीकरण, तो कहीं प्रतिनियुक्ति की आड़ लेकर द्रोणाचार्य के नाम को कलंकित कर एक ही स्थान पर डटे हैं। दर्जनों शिकायतों के बाद भी उन्हें वापस मूल पदों पर भेजने की जगह विभागों में बैठे बाबू साल दर साल अपनी कमीशन बढ़ाने पर ही जोर देते हैं। छात्रावास अधीक्षकों की तरह ही कार्यालयों में नियुक्त छात्रावास का लेखा-जोखा सम्हाल रहे लिपिक भी वर्षो से डटे हुए हैं, जो समय-समय पर बदलने वाले नये विभाग प्रमुख से किसी न किसी तरह अपना जुगाड़ बना ही लेते हैं।

### खुराक से लेकर हर खरीदी में जुगाड़

छात्रावासों में छात्रों की खुराक से लेकर उन्हें प्रदाय की जाने वाले लगभग सुविधाओं में बाबुओं का पूरा दखल रहता है, आलम यह है कि बीते वर्षो में ग्रीष्म ऋतु में छात्रावासों में गीजर सप्लाई किये गये, वहीं चद्दर, पलंग, पौध रोपण से लेकर मेडिकल चेकअप तक में फर्जी बिल बनाकर लाखों का वारा-न्यारा किया जा रहा है, तीनों ही विभागों में वर्षो से मुख्यालय के साथ ही ब्लाकों में भी चंद दलालों और कलयुगी द्रोणाचार्यो ने कब्जा जमा रखा है, जो खुराक से लेकर हर भुगतान में अपनी व्यवस्था बना ही लेते हैं।


### छात्र की बेदम पिटाई

ग्राम हर्री स्थित एकलव्य छात्रावास मे कक्षा नौवीं मे अध्यनरत एक छात्र के साथ जमकर मारपीट की गई। जिससे छात्र के आंख के पास काफी गहरी चोट आई है। उक्त घटना गुरुवार शाम की बताईं जा रही है। लेकिन इस घटना के बारे मे परिजनों को जानकारी नही दी गई। अगले दिन शुक्रवार को जब पीड़ित छात्र के पिता ग्राम खाम्हीडोल निवासी विजय भान सिंह के पिता अपने निजी कार्य से शहडोल से लौटते समय बच्चे से मिलने वहाँ गए तब उन्हें इसकी जानकारी लगी। उन्होंने बताया कि छात्रावास मे हीं रहने वाले कक्षा दसवीं के एक छात्र द्वारा उनके पुत्र के साथ बुरी तरह मारपीट की, जिसमे उसके शरीर के अन्य हिस्सों के साथ साथ आँख के पास काफी गहरी चोट आई है। लेकिन प्रचार्य श्रद्धानंद दुबे व छात्रावास अधीक्षक किसी के द्वारा मुझे घटना की जानकारी नही दी गई। उल्टे जब शुक्रवार को पुत्र से मिलने गया तो, मुझे उससे मिलने नही दिया जा रहा था। पहले काफी बहाना किया गया, क्योकि वह लोग नही चाहते थे कि मुझे इस मारपीट की घटना जानकारी लगे और मामला छात्रावास से बाहर आए। पीडित छात्र के पिता ने बताया ने कमिश्नर एवं पुलिस अधीक्षक से आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

### समस्या को लेकर सडक़ पर उतरे थे छात्र

बीते दिनों शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय विचारपुर की अव्यवस्था की पोल खुलकर सामने आई, सुविधाएं नहीं मिलने एवं खराब व्यवस्थाओं के चलते विद्यार्थियों का आक्रोश झलका, विद्यार्थी सडक़ पर उतरे और करीब 5 किमी पैदल चलके नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगो को लेकर आवाज बुलंद की, कलेक्ट्रेट पहुंचे छात्रों ने आवासीय विद्यालय में बिजली पानी सहित अन्य समस्याओं को लेकर आधिकारियों को अवगत कराते हुए इसका निराकरण कराने की मिन्नत की, छात्रों का आरोप था कि आवासीय विद्यालय में मुख्य रूप से पानी की समस्या है। इसके साथ ही विद्यालय में विज्ञान, कामर्स सहित अन्य विषयों के शिक्षक नहीं है ,जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जिससे उनके मार्क्स कम आएंगे, जिस कारण से उन्हें विद्यालय से बाहर के दिया जाएगा।

## ...तो मेडिकल कॉलेज में मनमाने प्रभार और आदेशों का दौर फिर शुरू



**शहडोल।** बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज एक बार फिर प्रबंधन की मनमानी और अव्यवस्थाओं के कारण चर्चाओं में बना हुआ है, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन पर आरोप लग रहे हैं कि यहां जो विभागीय आदेश जारी हो रहे हैं, वह अपने आप में न सिर्फ अनूठे हैं, बल्कि शासन के दिशा निर्देशों और अन्य मेडिकल कॉलेजों से भी पूरी तरह जुदा हैं। ऐसा ही एक आदेश इन दिनों चर्चाओं में है, जिसमें अन्यत्र से शहडोल मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित होकर पहुंचे दो नर्सिंग स्टॉफ को सीधे वरिष्ठता सूची में आगे रखते हुए बाकी नर्सिंग स्टॉफ के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है। मामला यहीं नहीं रूका, नर्सिंग स्टॉफ ने नियुक्ति के साथ ही अपना खेल भी शुरू कर दिया और विभागीय आदेश भी जारी करना प्रारंभ कर दिया। इस कारण नर्सिंग स्टॉफ में काफी असंतोष देखा जा रहा है, जिसका सीधा असर मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं और मेडिकल कॉलेज की मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर भी पड़ सकता है।

### कृपा या नियमानुसार नियुक्ति

बिरसा मुण्डा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के कार्यालय अधीष्ठाता के द्वारा 2 जुलाई को एक आदेश जारी किया गया, आदेश क्रमांक 1909 में श्रीमती दीपा रोहणी को प्रभारी नर्सिंग अधीक्षक और श्रीमती रश्मि गुप्ता को प्रभारी मैट्रेन के पद की जिम्मेदारी दी गई, विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि दोनों ही कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्य से यहां पर हुआ था, जिस कारण शहडोल मेडिकल कॉलेज में पदस्थापना के बाद पूर्व से पदस्थ नर्सिंग स्टॉफ इन दोनों कर्मचारियों से वरिष्ठ माने जाने चाहिए और वरिष्ठता सूची में इनके नाम नीचे होने चाहिए। नवीन पदस्थापना के कारण इनकी वरिष्ठता पूर्व संस्थान से स्थानांतरित होकर नहीं आती, बल्कि नये संस्थान में शुरू से गिनी जानी चाहिए, लेकिन यहां शायद इस तरह के नियम लागू नहीं होते, या फिर लागू नहीं किये गये। यह अपने आप में जांच का विषय है।

### नियुक्ति के साथ ही दिया आदेश

प्रभारी मैट्रेन और प्रभारी नर्सिंग अधीक्षक ने संयुक्त रूप से हुई नियुक्ति के 5 दिन बाद ही 8 जुलाई को एक रोचक आदेश जारी कर दिया, कार्यालय नर्सिंग अधीक्षक से जारी इस आदेश में नर्सिंग स्टॉफ को यह निर्देश दिये गये कि नर्सिंग ऑफिसर सफेद रंग के मूल गणवेश एवं महिला नर्सिंग ऑफिसर अपने बालों का जूडा बनाकर ही ड्यिुटी पर आये, भले ही उनकी ड्यिुटी ओटी या ओपीडी या किसी स्थान पर हो, इसके साथ ही मनमाने तरीके से ऑफ एवं अवकाश पर भी रोक लगाकर ड्यिुटी रोस्टर का पालन किया जाये, वहीं प्रत्येक इंचार्ज एवं नर्सिंग ऑफिसर बायो मैट्रिक मशीन में नियमित रूप से पंच का इन-आउट सुनिश्चित करे।

## आपके सहयोग से ही सम्भव है बच्चों का सर्वांगीण विकासः रीना
## डीपीएस मे हुईं एसएमसी की बैठक, सदस्यों ने भी दिए सुझाव



**शहडोल।** वजीर एजुकेशन सोसायटी द्वारा कोयलांचल नगरी धनपुरी मे संचालित धनपुरी पब्लिक स्कूल ( डीपीएस ) मे शनिवार को एसएमसी (शाला प्रबंधन समिति ) की द्वितीय मासिक बैठक संपन्न हुईं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विद्द्यालय की प्रचार्य रीना चक्रवर्ती ने विस्तृत रूप से विद्द्यालय के संचालन के उद्देश्यों के बारे एसएमसी के सदस्यों को बताया। उन्होंने कहा कि बच्चो का सर्वांगीण विकास अभिभावक व शिक्षक के संयुक्त प्रयास से ही संभव हो सकता है। आप लोग नियमित रूप से बच्चों को विद्यालय भेजे। अति आवश्यकता पडऩे पर ही स्कूल से अवकाश लें अन्यथा नहीं, लेकिन इससे पूर्व संस्थान मे लिखित रूप से सूचना अवश्य दें। प्राचार्य श्रीमती चक्रवर्ती ने कहा कि हमारी यह संस्था भविष्य मे शिक्षा के क्षेत्र मे एक नया कीर्तिमान रचेगी, ऐसा मुझे विश्वास है। संस्थान के संचालन प्रमुख अनीक अहमद ने सदस्यो को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्था बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहें हैं। शिक्षकों को ट्रेनिंग देने के साथ ही आधुनिक तरीके से शिक्षा के लिए प्रोजेक्टर समेत अन्य संशाधन बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहें है। अन्य गतिविधियों के साथ -साथ श्री अहमद ने विद्यालय के आय-व्यय के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। साथ ही हर्ष के साथ यह भी बताया कि इस विद्द्यालय के लिए बड़े परिसर को क्रय करने का प्रयास जारी है। शीघ्र ही वह भी विद्यालय के पास होगा और भविष्य मे हमारा विद्यालय वृहद परिसर मे संचालित हो सकेगा ।इसके पूर्व अलग अलग कक्षाओ के शिक्षिकाओ द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी उपस्थित सदस्यों से साझा की गई। विद्यालय परिवार के इस प्रयास की एसएमसी सदस्यो ने प्रशंसा करते हुए विद्यालय के उत्थान मे यथा संभव सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर विद्द्यालय की प्राचार्य रीना चक्रवर्ती को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ती पत्र भी भेंट किया गया। अंत मे यूरोप मे कार्यरत वजीर एजुकेशन फ़ाउंडेशन के प्रमुख मोहम्मद आरिफ ने भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थितजनों को सम्बोंधित किया। उन्होंने कहा कि भले ही हमारी संस्था द्वारा मुफ्त मे शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है,और किसी का आर्थिक सहयोग इसमें न हो लेकिन इस विद्द्यालय मे आपकी सहभागिता हमारे सामान ही है। जितना यह विद्यालय हमारा है, उतना ही आपका भी इस पर अधिकार है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी संस्था शिक्षा के क्षेत्र मे और उच्च पायदान तक पहुंचें, इसके लिए आप लोग साथ दीजिये तथा अपने सुझाव भी हमारे साथ साझा करें। अंत मे संस्थान के संचालन प्रमुख अनीक अहमद ने उपस्थित सदस्यो के प्रति आभार प्रकट किया। एसएमसी बैठक मे विद्यालय की शिक्षिका रिया तिवारी, ऐमन खान, शहनाज़, नीतू यादव, शायदा नजमी, आरजू, रजनी विश्वकर्मा तथा वैशाली दाहिया समेत शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# वसुंधरा में हरियाली लाने ग्राम पंचायत हर्री एवं मसीरा में 80 हजार पौधों का रोपण

*शहडोल जिले में जन सहयोग से लगभग 19 लाख पौधों का हुआ रोपण*



**शहडोल।** पर्यावरण की सुरक्षा और वसुंधरा में हरियाली लाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप कलेक्टर तरूण भटनागर के मार्गदर्शन में वृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्य जन मानस के सहयोग से कराया जा रहा है। शहडोल जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 11 जुलाई 2024 तक लगभग 19 लाख पौधो का रोपण किया जा चुका है। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्री में 6 जुलाई 2024 को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत हर्री की पहाडिय़ों में कमिश्नर बी.एस.जामोद, कलेक्टर तरूण भटनागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, वन विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं ग्रामीणों के सहयोग से भारत माता के जयघोष और पर्यावरण को बचाने के लिए लिए गये संकल्प के साथ लगभग 40 हजार पौधों का रोपण किया गया।

### पर्यावरण बचाने पौधरोपण

पौधरोपण कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाई तथा पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम में अपनी आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कमिश्नर बी.एस.जामोद ने कहा कि पौधरोपण पर्यावरण को बचाने, धरती को स्वच्छ और सुंदर बनाने प्राणवायु को स्वच्छ रखने के लिए आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण एवं नागरिक अपने घरों, खेतों की मेढों में पौध रोपण करें और पौधों की सुरक्षा करें।

### जीव-जन्तुओं को ऑक्सीजन की जरूरत

इस अवसर जनमानस को सम्बोंधित करते हुए कलेक्टर श्री भटनागर ने कहा कि धरा को हरा-भरा बनाने और जीवन में पेड़-पौधों का बड़ा महत्व है, इसे हर किसी को समझना होगा। जब तक नहीं समझेंगे तक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़ाया हुआ कदम सार्थक नहीं होगा। हर इंसान, जीव जंतु को जीवित रहने के लिए आक्सीजन की जरूरत होती है। बिना आक्सीजन के व्यक्ति एक क्षण भी नहीं जीवित रह सकता है इसलिए आक्सीजन बनाने के लिए पौधों का होना अत्यंत आवश्यक है। इसकी महत्ता को हर किसी को समझना होगा, हर नागरिक एक-एक पेड़ अवश्य लगाए।

### पौधरोपण के लिए किया प्रेरित

जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत मसीरा में 11 जुलाई को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक शरद कोल एवं कलेक्टर तरूण भटनागर ने उपस्थित होकर जनमानस को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक शरद कोल एवं कलेक्टर तरूण भटनागर एवं ग्रामीणजनों ने मिलकर लगभग 40 हजार पौधरोपण किया। जिले में पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कलेक्टर तरूण भटनागर के मार्गदर्शन में निरंतर प्रयास किये जा रहे है। शहडोल जिले की धरती को हरियालीयुक्त और प्राणवायु से सराबोर करने के प्रयास किये जा रहे है। कलेक्टर द्वारा जिले के नागरिकों से निरंतर अपील की जा रही है कि वे बारिश के मौसम में खेतो की मेढों पर पौधरोपण कर पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन करें।

## ट्रस्ट के रूप में आमजनों को समर्पित बकहो का राधाकृष्ण मंदिर

**शहडोल।** जिले के नगर परिषद बकहो के वार्ड नंबर 07 में स्थित राधाकृष्ण मंदिर समिति को ट्रस्ट के रूप में गठित कर आमजनों को समर्पित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 4 के अंतर्गत आवेदन एवं संलग्न अनुसूची में उल्लेखित संपत्ति के लिए लोक न्याय के रूप में पंजीयन हेतु प्रक्रिया एसडीएम सोहागपुर के समक्ष प्रारंभ कर दी गई है। गोपालधाम के नाम से अपनी पहचान बना चुके ग्राम झगरहा में स्थित शिव मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, दो यज्ञशाला, धर्मशाला, एक कुंआ, बोरवेल और पुष्प वाटिका सभी को इसमें शामिल किया गया है।

श्रीराधाकृष्ण मंदिर एवं शिव मंदिर की भूमि पिछले और वर्तमान रिकार्ड में मध्यप्रदेश शासन के रूप में शासकीय दस्तावेजों में अंकित है। मंदिर और उसकी चल-अचल संपत्ति का संरक्षण उसका विकास और उन्नति तथा रक्षा के साथ ही क्षेत्र को मनोरम पर्यावरण स्थल के रूप में स्थापित करने के लिए समिति के सदस्यों ने ट्रस्ट निर्माण के लिए पहल की है। यह भी बताया गया कि ट्रस्ट के द्वारा निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सालय की स्थापना, स्वास्थ्य निर्माण व धार्मिक सद्साहित्य के प्रचार-प्रसार हेतु पुस्तकालय की शुरूआत, सतसंग, कथा, प्रवचन, कीर्तन तथा सम्मेलन, अधिवेशन, धार्मिक अनुष्ठान व अन्य उत्सवों की व्यवस्था के लिए व्यापक रूप रेखा तैयार की गई है।

## कुछ तो जनता की सोचो सरकार, बिजली बिल हुआ एक का चार



**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने सरकार से माँग करते हुए कहा है कि विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के कारण, जिले की जनता चार से पांच गुना ज्यादा बिजली का बिल देने के लिए मजबूर है। स्मार्ट मीटर लगाने के बाद उपभोक्ताओं की आम शिकायत है कि लगाए गए स्मार्ट मीटर, पुराने मीटर की तुलना में ज्यादा खपत बता रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ा रहा है। श्री गुप्ता ने कहा उपभोक्ताओं के द्वारा बढ़े हुए बिल को कम कराने की फरियाद पर कोई सुनवाई नहीं होती, मनमाना बिजली बिल जारी कर दिया जाता है एवं जमा नहीं करने पर कनेक्शन काट दिया जाता है, इस मनमाने बिल से आम आदमी की कमर टूट रही है। श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा की भ्रष्टाचारी सरकार का ये विद्युत विभाग के माध्यम से स्मार्ट मीटर के नाम पर भ्रष्टाचार का नया माध्यम है, जिसमे सरकार के उच्च पदाधिकारियों एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की जेबें भर रहीं हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा है कि सरकार अगर स्मार्ट मीटर के संबंध मे उचित व त्वरित कार्रवाई नहीं करती है तो, जिला काँग्रेस कमेटी द्वारा संपूर्ण जिले मे एक साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## धरती के श्रृंगार के लिए उठे सैकड़ों हाथ

विधायक, कमिश्नर, कलेक्टर और नागरिकों ने मिलकर किया पौधरोपण

शहडोल।



धरती के श्रृंगार के लिए पुरानी बस्ती पचगांव रोड शहडोल के स्वर्ग धाम में पौधरोपण के लिए सैकडो हाथ उठे। पौधरोपण में क्षेत्रीय विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, कमिश्नर बी.एस.जामोद, कलेक्टर तरूण भटनागर, अध्यक्ष नगरपालिका घनश्याम जायसवाल, उपाध्यक्ष, नगरपालिका प्रवीाण शर्मा, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला एवं गणमान्य नागरिकों ने पौधरोपण किया। मध्यप्रदेश शासन के मंशा के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों के सहयोग से कटहल, नीम, आम, आंवला के पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में मीडियाकर्मी भी शामिल हुए।

गौरतलब है कि कलेक्टर श्री भटनागर के मार्गदर्शन में जिले में वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिसके तहत जिले के सभी तहसीलों व ग्रामीण क्षेत्रों में खाली भूमि पर वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। जिले में लगभग 19 लाख पौधो का रोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कर दिया गया है।

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ाः सरदेंदु
## लोकसभा चुनाव में भी चरितार्थ हुआ एमपी के मन में मोदी

शहडोल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री शरदेंदु तिवारी ने 12 जुलाई को भोपाल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की विस्तारिक प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्तावों और 03 जुलाई को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा को प्रदेश सहित देश भर में लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है।



### बजट में रखा जनता के हितों का ध्यान

प्रदेश महामंत्री शरदेंदु तिवारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकर द्वारा बीते दस वर्षों में किए गए गरीब कल्याण, सुशासन के कामों और जनहित की योजनाओं के कारण ही मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। इसके साथ ही दक्षिण के राज्यों के साथ देश भर में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। शरदेंदु तिवारी ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह बजट जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लाया गया है। यह बजट 2024 विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है।

### कांग्रेस सनातन और राष्ट्रविरोधियों के साथ

शरदेंदु तिवारी ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि एक ओर जहां जनता के आशीर्वाद के साथ भारतीय जनता पार्टी सरकार लगातार पूरी पारदर्शिता, प्रमाणिकता और परिश्रम के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करती रही है, वहीं कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी लोकतंत्र में मजाक का विषय बन गयी है। यह भी पहली बार होगा कि कांग्रेस में अपनी नीति-नेतृत्व और सनातन विरोधी मानसिकता के कारण भगदड़ मची हुई है। अब तक सर्वाधिक कांग्रेसियों ने कांग्रेस छोड़ी है और भाजपा को अपनाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा महिलाओं के प्रति अभद्र और गैरकानूनी टिप्पणियां, कांग्रेस नेतृत्व का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार राजनीतिक परिदृश्य को दूषित करता है। भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश अपने दायित्व का ध्यान रखते हुए विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए जुटी है। हमारा विचार राष्ट्र प्रथम है और हमारी प्रेरणा अंत्योदय है। अभी हमें आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश बनाने के लिए हमे अपनी बूथ समिति के सशक्तिकरण के प्रयासों को और अधिक बढ़ाना है।

# बिजली पानी की समस्या से त्रस्त छात्रों ने किया प्रदर्शन
## 5 किमी पैदल चलकर पहुंचे कलेक्ट्रेट, लगाए विरोध में नारे

**शहडोल।** विचारपुर स्थित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की अव्यवस्थाएं इतनी अधिक बढ़ गईं हैं कि छात्रों ने प्रदर्शन ही कर दिया। मुख्य रूप से यहां पानी और बिजली की समस्या बताई जाती है। हैरानी की बात यह है कि उच्च शिक्षा व व्यवस्थाओं का दावा करने वाला प्रशासन और हॉस्टल अधीक्षक छात्रों को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं दे पा रहे हैं। आक्रोशित छात्र 5 किलोमीटर पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और मांग करते हुए जमकर हंगामा मचाया। छात्र-छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल में भारी अव्यवस्था है, अधिकारी केवल सुधारों का आश्वासन देते हैं।

### बच्चों ने कलई उतार दी

अव्यवस्थाओं के कारण विद्यार्थी सडक़ पर उतरे और करीब 5 किमी पैदल चलके नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगो को लेकर आवाज बुलंद की। कलेक्ट्रेट पहुंचे छात्रों ने आवासीय विद्यालय में बिजली पानी सहित अन्य समस्याओं को लेकर आधिकारियों को अवगत कराते हुए इसका निराकरण कराने की मांग की। छात्रों का आरोप है को आवासीय विद्यालय में मुख्य रूप से पानी की समस्या है। यह समस्या एक अर्से से बनी हुई है। यहां के छात्र स्वच्छ पेयजल के लिए तरसते रहते हैं।

### शिक्षको का भी अभाव



स्कूली बच्चों ने यह भी बताया कि स्कूल में एक अर्से से विज्ञान, कामर्स सहित अन्य विषयों के शिक्षक नहीं है ,जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षकों की आपूर्ति की जाएगी इस तरह का आश्वासन दिया जा रहा है। लेकिन शिक्षक आ नहीं रहे हैं। जिससे उनके माक्र्स कम आएंगे, जिस कारण से उन्हें विद्यालय से बाहर के दिया जाएगा। इन सभी समस्याओं को छात्र कई बार प्राचार्य सहित जिम्मेदारो को अवगत करा चुके है, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। बल्कि समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती चली जा रही हैं। मजबूरन छात्रों को प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की समस्याओं की जांच कराई जा रही है। बच्चों की समस्याओ का जल्द निराकरण किया जाएगा।

**आनंद राय सिन्हा**

## खबर संक्षेप

### मोहर्रम पर्व पर लगाई गई मजिस्ट्रियल ड्यूटी

**उमरिया।** अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दंडाधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम ने बताया कि मोहर्रम त्योहार पर्व पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार (कार्यपालिक दंडाधिकारी) की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है, जो त्यौहार के दौरान सम्पूर्ण जिले की कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपर कलेक्टर को समय समय पर वस्तु स्थिति से अवगत कराएंगे।

### रोपित किए गए 112395 पौध

**उमरिया।** प्रदेश शासन के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत 6 जुलाई को की गई है । अभियान के तहत स्विंय सेवी संस्थाएं, मीडिया कर्मियों, जिला प्रमुख अधिकारी, व्यापारी संगठन आगें आकर पौध रोपित कर रहे है एवं उसकी सुरक्षा का संकल्प ले रहे है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला प्रमुख अधिकारियों व्दारा 189450 लक्ष्य में से 56135 पौधों का रोपण किया गया है । इसी तरह जनपद पंचायत करकेली, मानपुर तथा पाली एवं नगरीय क्षेत्रों में 80 हजार लक्ष्य में से 56260 पौध रोपित किए गए। यह अभियान 15 जुलाई तक अनवरत जारी रहेगा ।

### अकीदत और मोहब्बत के साथ परचम कुसाई संपन्न

**उमरिया।** मोहर्रम की पांचवी तारीख को इमामबाड़ा में एहतराम, अकीदत और मोहब्बत के साथ परचम कुसाई की रस्म अदायगी संपन्न की गई। तमाम जायरीन व अकीदतमंदो ने परचम कुसाई में शिरकत कर सबाबे दारेन हासिल किया। ज्ञात हो कि परचम कुसाई रस्म मोहर्रम की पंचमी को ही संपन्न की जाती है। शाम असिर बाद पांच बजे तमाम जायरीनों अकीदतमंदो ने परचम कुसाई रस्म में नारे तकवीर अल्लाहे अकबर की सदा बुलंद करते हुए दारूद फातहा में शिरकत कर हिस्सा लिया और बाद दुआं के तमाम जायरीनों को तबर्रूख व लंगर तकसीम किया गया।

**भाव विभोर हुये बाबा के दिवाने** इमामबाड़ा में मोहर्रम शरीफ की आज पंचमी के मौके पर जबलपुर से आये मशहूर मटका पार्टी ने इमामबाड़ा परिसर में शहीदी नातिया कलाम गाकर माहौल को रोमांचित कर दिया । वहीं मशहूर कलाम सुनकर लोगो को स्तब्ध कर सुनने को मजबूर कर दिया ।

### वी हेमंत राव को सीए की परीक्षा में मिली सफलता



**कोतमा।** नगर के समाजसेवी साई गीता एवं वी दुर्गा राव के पुत्र वी हेमंत राव वार्ड क्रमांक 3 निवासी ने सीए की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ ही अपनी कठोर परिश्रम को बताया है। उनकी इस सफलता पर नगर के समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी है

# नगर पालिका परिषद पाली में किया गया प्लग रन का आयोजन

**उमरिया।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद पाली द्वारा प्लाग रन का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से नगर के नागरीको को श्रमदान गतिविधि के द्वारा स्वच्छता से संबंधित संदेश दिए गए । अभियान में आदिवासी बालक छात्रावास के माध्यमिक विद्यालय खेल विभाग से खेल विभाग से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्याम शर्मा, एस बी एम स्वच्छता सहायक नोडल इंजीनियर विपिन कुमार विश्वकर्मा, पुलिस विभाग से नारायण सिंह,युवा टीम से हिमांशु तिवारी,खुशी सेन अभिषेक रघुवंशी , आई ए सी टीम से संतोष महतेल एवं सभी छात्र छात्राए, शिक्षक, नगर परिषद के कर्मचारी एवं आई ई सी टीम उपस्थित रहे ।




### पिटौर ने किया पौधारोपण

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला ने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम के तहत नवांकुर संस्था पिटौर द्वारा पौध रोपण किया गया । इस अवसर पर संस्था सचिव सुरेंद्र गौतम ,सदस्य मनोज यादव , रामरहिस गौतम ,वंशधारी काछी ,रामकरण जैसवाल ,विवेक ,कार्यक्रम समन्वयक देव प्रकाश गौतम उपस्थित रहे।

# 7 युवाओं ने किया रक्तदान, जीवनदान का दिया संदेश

**उमरिया।** रक्तदान जीवन दान के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय जिला चिकित्सालय उमरिया के ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा विकासखंड करकेली ग्राम पंचायत उचेहरा के गाँव अकमानिहा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में ग्रामीण युवाओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में साथ यूनिट रक्त संग्रह किया गया।ब्लड बैंक अधिकारी डा. मुकुल तिवारी ने कहा कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए, जिससे अन्य लोगों का भला हो सके तथा यह सबका कर्तव्य है कि युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़-चढक़र भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। लैब टेक्नीशियन वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। शिविर में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए रक्तवीर हिमांशु तिवारी ने कहा कि इलाज की सुविधा होने के बाद भी कई बार लोगों के जीवन की डोर सिर्फ इसलिए टूट जाती है कि उन्हें समय पर खून नहीं मिलता। आज भी लोग गलत धारणाओं के कारण रक्तदान करने में हिचकते हैं, जबकि रक्तदान करने से रक्तदाता को कई गंभीर बीमारियों से बचाव होता है। ऐसे में रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता होनी अत्यंत आवश्यक है, ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा रक्तदान के लिए आगे आए और जरूरतमंदों को रक्त मिल सके। शिविर के दौरान लैब टेक्नीशियन विनीत साहू,ज्ञानेंद्र महोबिया, सुरेश केवट,रक्तवीर हिमांशु तिवारी, रक्तवीर खुशी सेन, राहुल सिंह, रक्तदाता मंगलेश्वर सिंह, अजय सिंह ,शैलेंद्र सिंह ,महेश सिंह ,राजेश सिंह, सुनील सिंह व सभी उपस्थित रहे। सभी रक्तदाताओं को जिला चिकित्सालय उमरिया की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



# मेडिकल कॉलेज के डीन की हिटलरशाही से परेशान स्टाफ

**शहडोल।** जिला मुख्यालय के मेडिकल कॉलेज बिरसा मुण्डा के डीन का मेडिकल कॉलेज में जंगल सा कानून लागू कर रखा है, मेडिकल कालेज जितना उपचार के लिए व अन्य व्यवस्थाओं के लिए संवेदनशील नहीं है उससे कई गुना ज्यादा इस मामले में संवेदनशील है कि उसकी कोई खबर बाहर लीक नही होने पाए। इसके लिए कालेज परिसर व अंदर जो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, उनसे केवल यह निगरानी की जाती है कि कोई अंदर आकर किसी स्थल की तस्वीर नहीं खींचे। कोई किसी बात का प्रमाण एकत्र नहीं कर सके, वहीं मेडिकल कॉलेज के अंदर अगर स्टॉफ द्वारा किसी प्रकार का ज्ञापन या शिकायत सौंपी जाती है तो, उसकी रिसीविंग तक नहीं दी जाती, जिससे समय आने पर कहा जा सके कि शिकायत अभी मिली नहीं है। मेडिकल कॉलेज के अंदर डीन का अलग ही कानून चलता है, तस्करों के अड्डे के माफिक आम लोगों पर तीसरी आंख से नजर रखी जाती है।




### परिसर में बह रहा गंदा पानी

मेडिकल कालेज परिसर में सामने ही मरीजों के परिजन नहाने धोने अथवा खाना बनाने आदि का काम करते हैं। इससे चौबीसो घंटे गंदा पानी बहता रहता है और बदबू सी उठती रहती है। यही नहीं यहां गुटका, तम्बाकू आदि नशीले पदार्थों के रैपर भी पड़े रहते हैं, जिसे सफाई का ठेका दिया गया है, वह भी मनमर्जी की तर्ज पर सफाई का कार्य कर रहा है, लेकिन साहब सफाई ठेकेदार पर इतने मेहरबान है कि कभी उसे हिदायत तक देने की जहमत नहीं उठाते, इसके चलते मेडिकल कॉलेज में गंदगी पसरी जा रही है।

### परिसर से सटे क्षेत्र में अतिक्रमण

मुख्य द्वार के ठीक सामने चाय, पान, समोसे के ठेले लगाने व दुकानदारों के अतिक्रमण ने बॉटल नेक बना दिया है। करीब 30 फीट चौड़ी सडक़ यहां बमुश्किल दस से आठ फीट ही बची है। हर 02-04 मिनट में यहां जाम लग जाता है, मेडिकल कॉलेज के डीन द्वारा कैंपस के अंदर तो कानून और कैमरों के माध्यम से निगरानी रख रहे हैं, लेकिन परिसर से सटे क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण से साहब को कोई सरोकार नहीं है।

# समय से नहीं खुल रही शासकीय उचित मूल्य की दुकान

**उमरिया।** गरीबों के लिए राशन की योजना सरकार द्वारा चलाई जा रही है, जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली के घुनघुटी राशन दुकान में गरीबों को मिलने वाली राशन को अहम योजना का फेल होती नजर आ रही है, प्रधानमंत्री ने 5 वर्ष तक राशन फ्री योजना बनाई है, जिससे गरीबों को राशन मिलने में कोई कठिनाई न हो, उपभोक्ता को सही समय से राशन मिल सके, लेकिन पाली जनपद के घुनघुटी और तिमनी शासकीय उचित मूल्य दुकान में अजीबो-गरीब तरीके से मनमाने ढंग से शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन किया जाता है, प्रदेश शासन के आदेश अनुसार दुकान 10 से शाम 5 तक माह में 1 से 7 दिन लगातार संचालन करना है, जिसमें से मात्र रविवार को छोडक़र बाकी समस्त दिन में पूरे महीने राशन दुकान का खुलना अनिवार्य है।

### एक कोटेदार कैसे संभाले तीन दुकान

एक कोटेदार द्वारा तीन-तीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन किया जा रहा है। घुनघुटी शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन विक्रेता के मनमानी रवैया के कारण राशन दुकान कभी भी समय पर नहीं खुल पा रहा है, ग्रामीणों ने बताया कि हमेशा से यह राशन दुकान 1 तो कहीं 2 दिन में खोला जाता है, शुक्रवार 12 जुलाई को ग्रामीण 2 से 3 किलोमीटर दूरी से राशन लेने आए थे, लेकिन राशन दुकान नहीं खुलने की वजह से वापस पानी में भीगते घर लौट गए, दुकानदार दबंगई के साथ राशन वितरण कर रहे हैं, उपभोक्ता कहना है कि दो-तीन माह से तबीयत खराब थी, राशन नहीं पाया, अब जाता हूं तो, वह राशन नहीं मिल रहा। कोटेदार बता रहा है कि लेफ्ट हो गया है।



### इनका कहना है...

घुनघुटी उचित मूल्य दुकान कि जांच कराई जायेगी।

**धरणेन्द्र कुमार जैन**
**कलेक्टर, उमरिया**

# एम्प्लाइज एसोसिएशन की बैठक संपन्न, विभिन्न मुद्दों पर बनी सहमति



**चचाई।** 11 जुलाई को भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर के नेतृत्व में म.प्र. बिजली कर्मचारी महासंघ एवं पॉवर इंजीनियर्स एवं एम्प्लाइज एसोसिएशन (पीईईए) की बैठक ऊर्जा मंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा के साथ बल्लभ भवन भोपाल में संपन्न हुई। बैठक में पावर इंजीनियर्स एवं एम्प्लाइज एसोसिएशन के महासचिव अजय कुमार मिश्रा द्वारा विभिन्न बिन्दुओं को माननीय के समक्ष रखा गया, जिसमे कंपनी द्वारा नियुक्त अधिकारियों को अधीक्षण अभियंता के पद हेतु 03 लागू किये जाने, कर्मचारियों के मूल वेतन 23 हजार 200 रूपये की जगह 25 हजार 300 रूपये से किये जाने की वेतन विसंगति, उच्च शिक्षा प्राप्त कार्मिकों को उच्च पद पर नियुक्ति दिए जाने, ट्रांसमिशन कंपनी में कार्मिको को क्लास 4 की जगह क्लास 3 में रखे जाने, कैशलेश पॉलिसी पर संगठन से चर्चा उपरांत ही लागू किये जाने, पूर्व क्षेत्र एवं मध्य क्षेत्र में छठा वेतनमान 2006 से लागू किये जाने, पश्चिम क्षेत्र का 2011 का इंक्रीमेंट, कंपनी कैडर को 50% इलेक्ट्रिसिटी रिबेट, कंपनी कैडर को सोलर रूफटॉप योजना दिए जाने, इत्यादि मामलो पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा संपन्न हुई। जिसमे आश्वासित किया गया कि 03 मामले में शीघ्र आदेश प्रसारित किए जाएंगे। शीघ्र ही कैशलेश हेल्थ इंश्योरेंस पर संगठन से सुझाव के लिए बैठक होगी अन्य मामलों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई तथा संगठन को आश्वस्त किया गया कि शीघ्र अन्य बिन्दुओं पर परीक्षण कराकर पुनः संगठन के साथ चर्चा बैठक संपन्न की जावेगी तथा उनका भी निराकरण किया जाएगा। म.प्र. बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडेय द्वारा चतुर्थ वेतनमान लागू करने तथा अन्य मांगों को रखा गया, जिनके द्वारा आश्वासित किया गया कि चतुर्थ वेतनमान के आदेश शीघ्र प्रसारित किए जाएंगे। बैठक उपरांत ऊर्जा मंत्री द्वारा यह घोषणा की गई कि कंपनी कैडर अधिकारियों हेतु अधीक्षण अभियंता के पद के लिए 03 स्टार मैट्रिक्स समाप्त कर 03 मैट्रिक्स लागू किया जाएगा तथा 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर बिजली कर्मियों को चतुर्थ वेतनमान प्रदान किया जाएगा। पॉवर इंजीनियर्स एवं एम्प्लाइज एसोसिएशन (पीईईए) एवं म.प्र. बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा ऊर्जा मंत्री अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, एवं भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# दुर्घटनाओं का कारण बन रही सड़क मार्ग के बीच की दरारें

**कोतमा।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 कटनी से गुमला सड़क मार्ग में कोतमा से मनेन्द्रगढ तक जाने वाली सड़क में कई जगह दरारें आ गई हैं। केशवाही तिराहा के आगे भारत पेट्रोल पंप के आगे बनी पुलिया के बीचो-बीच कई जगह सड़क उखड़ गई है जिसके कारण 4 से 5 गढ्ढे सड़क के बीचो-बीच हो गए हैं। यही नहीं वन डिपो के पास कोतमा की ओर जाने वाले तिराहे में भी सड़क में दरारें पड़ गई हैं सीमेंट उखड़कर गिट्टी बाहर आ गई है। सीमेंट कांक्रीट सड़क मार्ग अनेक स्थानों पर 15 से 20 फुट लम्बी और चौड़ी होती दरारों पर दुर्घटनाओं की संभावनाओं की ओर विभागीय अधिकारियों का ध्यान नहीं है।



### दुर्घटनाओं को दे रहे आमंत्रण

बारिश शुरू हो गई है और सीमेंट कांक्रीट सड़क में कई जगह दरारें आ गई हैं साथ ही भारत पेट्रोल पंप के आगे पल के बीचो-बीच 4 से 5 गड्ढे हो गए हैं। बारिश का मौसम भी शुरू हो गया है, जिसके कारण इन गड्ढों में बारिश का पानी भर जाता है साथ ही ठेकेदार के द्वारा पुल का निर्माण कार्य किया गया है लेकिन उस पुल के ऊपर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर ही भर रहा है जिसके कारण धीरे-धीरे सड़क उखड़ने लगेगी और गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं भी घटित होने का अंदेशा बना हुआ है। गड्ढो मे बारिश का पानी भर जाने के कारण दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों को ये गड्ढे नजर नहीं आते जिसके कारण दुर्घटना घटित होने का अंदेशा बना हुआ है। सड़क में दरारें होने के कारण कुछ माह पूर्व कुछ स्थानों की सड़क पर लम्बी दरारों पर केमिकल का लेप लगाने की खानापूर्ति एनएचआई ने की थी जो की समस्या का स्थाई समाधान नहीं है।

### सुधार व मरम्मत की आवश्यकता

गौरतलब है कि सड़क बनने के कुछ महीने बाद क्रैक आ गए थे जिन क्रेको को भरने के लिए केमिकल व डामर युक्त रेत से भरने का अनेकों बार प्रयास किया गया। किंतु वाहनों के अत्यधिक दबाव के कारण यह सड़क मार्ग का हिस्सा कई स्थानों पर अधिक धंस गया था। साथ ही दरारें भी अपेक्षाकृत अधिक चौड़ी हो गई हैं। दरार के हिस्से को तोड़कर बनाया गया था पहले कुछ स्थानों पर नाला पुल के पास, दरार युक्त हिस्से पर डामरीकरण किया गया था। इस संबंध में नागरिकों का कहना है कि कई स्थानों पर सड़क के दोनों ओर सीमेंट कांक्रीट सड़क दरार युक्त हो चुकी है। वास्तव में इन सड़को का सम्पूर्ण हिस्सा जो लम्बी व गहरी दरार युक्त हैं। जो किसी हादसे को जन्म दे सकता हैं। इसे सुधार व मरम्मत की आवश्यकता है।

### सडक में कई स्थानों पर क्रेक

एनएच 43 निर्माण होने व आवागमन प्रारम्भ होने के कुछ ही दिवसों में सड़क मार्ग पर 15 से 20 फीट लम्बी दरारें स्पष्ट रूप से दिखने लगी थी। सड़क मार्ग पर कई स्थानों पर दरारें हैं कई जगह ये दरारें गहरी होने के कारण दुपहिया वाहनों के पहिए इनसे निकलते ही लहरा जाते हैं। सड़क पर कई जगह अधिक दरारें (क्रेक) होना मार्ग निर्माण में गुणवत्ता की कमी को बताता है। यह दरारें सड़क निर्माण के कुछ समय बाद ही पड़ गई थी। उनमें बड़ी दरार युक्त हिस्सों के ऊपर डामर का लेप लगा दिया गया था।

### सड़क की दरारों में लगा है केमिकल का लेप

इन दरारों पर केमिकल का लेप भी लगाया गया था, लेकिन ये लेप भी इन दरारों को नहीं छुपा पा रहा है। यही कारण है कि सड़क की दरारों को छुपाने के लिए केमिकल से भरवा दिया है। वे दरारें पुनः बड़ी हो गयी हैं। जानकारों का कहना है कि सीसी सड़क निर्माण के दौरान मार्ग ब्लाक में बनाई जाती है। यदि किसी ब्लाक में दरार आई है तो इसका मतलब प्रयोग की गई सामग्री मानक के अनुरूप नहीं है। वहीं दरार आने के बाद पूरे ब्लाक को उखाड़ने के बाद दोबारा बनाया जाना चाहिए। यदि दरारों को केमिकल से भरा गया है तो यह गलत है। पूरे ब्लाक को उखाड़कर दोबारा बनाना चाहिए।

### निर्देश भी बेअसर

पिछले महीने शहडोल कमिश्नर के द्वारा बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि बारिश के पूर्व जर्जर सड़कों की मरम्मत का कार्य करवाया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क योजना के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए थे कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 का निरीक्षण करते हुए जिन स्थलों पर सड़के जर्जर हो गई है सड़क में गड्ढे हो गए हैं उनका मरम्मत कर निरीक्षण करते हुए बारिश पूर्व करवाया जाए, लेकिन बारिश भी शुरू हो गई और सड़कों में आई दरारें एवं गड्ढो को अधिकारियों के द्वारा न ही निरीक्षण किया गया ना ही उनका मरम्मत कार्य करवाया गया।

खबर संक्षेप

## वासुधंरा में हरियाली लाने ग्राम पंचायत धनपुरा में वन विभाग ने किया पौधारोपण



**बुढार।** शनिवार को वन विभाग एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में गांव धनपुरा प्लांटेशन में हरे भरे पौधों को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत रोपित किया गया।दक्षिण वन मंडलाधिकारी श्रद्धा पेंदे ने पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें आक्सीजन की अत्यंत आवश्यकता है जिससे हमें स्वच्छ सांस लेने में बहुत ही लाभदायक है, और वसुंधरा में हरियाली लाने एवं स्वच्छ वातावरण के लिए पौधा रोपण कर पर्यावरण को संतुलित एवं उसे बचाना है तभी धरती हरी भरी एवं स्वच्छ और सुंदर बनाने प्राणवायु को स्वच्छ रखने की आवश्यकता है इसे हर व्यक्ति को करना चाहिए।ग्राम धनपुरा में कटहल,नीम, जामून,आम, सहित अनेक प्रजातियां के पौधों को रोपण किया गया। कार्यक्रम में एचडीएफसी प्रबंधक शहडोल श्रीमती खुशबू सिसोदिया, एसडीओ,गौरव जैन वन परिक्षेत्र अधिकारी सलीम खान, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी कमला प्रसाद वर्मा, परिक्षेत्र सहायक जेपी मोर्या,एन कुमार टंडिया,बीट प्रभारी गोपालपुर, जीवन राम टेकाम बीट प्रभारी अमलाई, सुधीर तिवारी वनरक्षक रानी नामदेव चंद्र कुमार पटेल, एच डी एफ सी बैंक शहडोल के मैनेजर श्रीमती खुशबू सिसोदिया तथा वन विभाग के स्टाफ एवं एचडीएफसी के स्टाफ के द्वारा आज धनपुरा प्लांटेशन के अंदर रोपण किया गया।

## ऑटो चौराहा भोगिया रोड में अवैध गतिविधियां हो रही संचालित



**ब्यौहारी-** नगर परिषद के अंतर्गत बनसुकुली तिराहा से भोगिया रोड में ऑटो स्टैंड बना हुआ है वहां पर अवैध गतिविधियां संचालित होती है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां पर रास्ते चाय की दुकान चलाने वाली एक महिला द्वारा अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया जाता है जिससे स्थानीय नागरिक परेशान रहते हैं स्थानीय लोगों ने बताया की एक स्थानीय व्यापारी द्वारा उन लोगों को सह दिया जा रहा है नगर वासियों ने पुलिस अधीक्षक से शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है ।

## परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण



**ब्यौहारी।** ग्रामोदय विश्वविद्यालय, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास कोर्स द्वारा आयोजित एम एस डब्ल्यू ,बी एस डटब्ल्यू की परिछा आयोजित की जा रही है जिसका निरिछण दिनांक 11/07/24 को जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे ने पं राम किशोर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ब्यौहारी - बनाए गए केंद्र का निरीक्षण किया जिसमें परीक्षाएं सुचारू रूप से शांतिपूर्वक संचालित होते पाया गया।

### राशि स्वीकृत होने के बाद भी बालक उमावि जर्जर भवन में हो रहा संचालित

# मौत के तांडव का इंतजार



**धनपुरी।** नगर का सबसे पुराना शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वर्षो से जर्जर भवन में संचालित है। नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है,विद्यालय जर्जर हालत में होने के कारण शिक्षा के मंदिर में कभी भी मौत का तांडव हो सकता है। बरसात के दिनों में छत की सीलिंग का प्लास्टर अचानक टूट कर गिर रहा है, जर्जर भवन में वर्षों से क्लास नहीं लगाई जा रही है कमरों में बाहर से ताला लगा कर रखा गया है। भवन के अभाव में जर्जर भवन के कमरों का शिक्षकों द्वारा बैठकर कार्यालय के रूप में उपयोग किया जा रहा है जो कभी भी सीलिंग पत्थर टूट कर शिक्षा के काम में लगे शिक्षकों बड़ी दुर्घटना की चपेट में ले सकते हैं।

### राशि, टेंडर मंजूर, काम बंद

बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व जर्जर स्कूल भवन के निर्माण हेतु 3 करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृति हुई थी और गर्मी के दिनों में संबंधित अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया था इसके बाद कोई देखने सुनने वाला नहीं। अगर जर्जर भवन निर्माण हेतु पैसा और टेंडर स्वीकृति हो गया है तो फिर संबंधित अधिकारी ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में लेटलतीफी क्यों की जा रही है। नगर वासियों का कहना है कि निर्माण टेंडर के मुताबिक ही होना चाहिए किसी के दबाव में शिक्षा का परिसर छोटा नहीं होना चाहिए।

### सैकड़ों बच्चों का भविष्य खतरे में

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दो शिफ्ट में स्कूल संचालित किया जाता है पहले शिफ्ट में कक्षा एक से कक्षा 5 तक के विद्यार्थी व कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी अध्ययनरत है और



दूसरे शिफ्ट में कक्षा 9वी से कक्षा 12 वी तक के विद्यार्थी विद्या अध्ययन करते हैं टोटल लगभग 415 विद्यार्थी अध्ययनरत है।

स्कूल भवन का अभाव होने के चलते स्कूली बच्चों को दो शिफ्ट में स्कूल संचालित किया जा रहा है जबकि पूर्व में भवन की व्यवस्था होने के चलते कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थी अध्ययन करते थे स्कूल भवन जर्जर होने के चलते हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों को माध्यमिक विद्यालय भवन में बैठने के लिए विवश है। दो शेक्शन की जगह एक ही सेक्शन में बच्चों को बैठाना पढ़ रहा है।

### परीक्षा केन्द्र भी अन्यत्र

नगर के इस इकलौते शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से पढ़कर नेता, इंजीनियर प्रोफ़ेसर सहित अन्य लोगों ने डिग्री प्राप्त की है। ऐसी स्कूल की दुर्दशा होने के बाद भी यहां के नेताओ का ध्यान इस तरफ नहीं जा रहा है जो दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। यहां के बच्चे अन्य स्कूलों में बोर्ड की परीक्षा देने जाने के लिए विवश है। क्योंकि स्कूल भवन जर्जर होने के चलते यहां के प्राचार्य परीक्षा का सेंटर लेने से मना कर देते हैं। भवन की जर्जर हालत कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है।



### किसी काम के नहीं नेता

यहां के नेताओं को जो दिल्ली तक पहुंच रखते हैं परीक्षा सेंटर ना होने का इन्हे कोई मलाल नहीं है। वे अपने में मस्त हैं और सिर्फ व सिर्फ अखबारों में डींग मारते नजर आते हैं। ये नेता अपने नगर के शासकीय स्कूल की समस्या का हल तक कराने में असमर्थ हैं।

### बदहाल हुआ भवन

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 35 वर्ष पूर्व बने 4 कमरे 1 हाल में संचालित था। इस भवन की छत खराब हो चुकी है। ढलाई उखड़ गई है और राड दिखाई दे रही है। छत का प्लास्टर भी आए दिन गिरता रहता है। कई बार क्लास में छात्रों के अध्ययन के समय अगल-बगल कि छत का प्लास्टर गिरने से कई बार बच्चे बाल-बाल बचे हैं। इस गंभीर मामले की जानकारी नगर पालिका और जिला शिक्षा विभाग को भी है। लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। आखिर जर्जर शिक्षा का भवन का निर्माण कब होगा। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अच्छा शिक्षा का भवन,शिक्षक,अच्छे शिक्षक की जरूरत नगर के हिदय स्थल पर आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# शहर के व्यापार को बढ़ाने के लिए जीएम ऑफिस तक करनी होगी सड़क चौड़ी

**धनपुरी।** इन दिनों धनपुरी शहर का कारोबार पूरी तरह से ठप हो गया है और इसकी वजह यह है कि जीएम ऑफिस की तरफ से आने वाले वाहन धनपुरी आजाद चौक तक नहीं पहुंच पाते। जीएम ऑफिस और उस क्षेत्र के लोगों के पास बड़े वाहन है जो अपने वाहन से ही बाजार तक आना चाहते हैं, लेकिन धनपुरी के मुख्य चौराहे तक आने की सभी सड़के इतनी चौड़ी नहीं है कि वाहन इन सड़कों पर चल सके यही कारण है कि लंबे समय से मांग की जा रही है कि जीएम ऑफिस से लेकर रामजियावन सोनी के घर तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाए, ताकि अधिकारियों के वाहन बाजार तक पहुंच सके। इस सड़क के चौड़ा हो जाने से कलरी के अधिकारियों और कर्मचारियों के वाहन आजाद चौक तक सीधे पहुंचने लगेंगे और धनपुरी के बाद व्यापारियों का कारोबार एकदम से दुगना हो जाएगा।



### निकल जाते हैं बुढार

धनपुरी नगर तक आने के रास्ते कम चौड़े होने की वजह से जीएम ऑफिस और उससे आगे के निवासी खरीदी के लिए धनपुरी में प्रवेश करने की जगह वहीं से बुढार निकल जाना ज्यादा आसान समझते हैं। आगे चौड़ी सड़क होने से वाहनों को परेशानी नहीं होती है। हालांकि वह रास्ता लंबा है इसके बावजूद लोग सिर्फ इसलिए वहां से निकल जाते हैं क्योंकि वहां चौड़ी सड़क और ना के बराबर ट्रैफिक रहता है।

### पहले भी हो चुकी है मांग

धनपुरी के व्यापारियों ने पहले भी यह मांग उठाई है कि जीएम ऑफिस से लेकर धनपुरी के आजाद चौक तक का रास्ता चौड़ा किया जाए। यह कार्य नगर पालिका बेहतर ढंग से कर सकती है, लेकिन न जाने क्यों इस दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सड़क के चौड़ीकरण में व्यापारी भी अपना सहयोग दे सकते हैं। स्थानीय व्यापारियों के व्यापार को गति देने के लिए इस दिशा में नगर पालिका प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और रामजियावन सोनी के घर तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाना चाहिए।

## व्यवहारी नगर पालिका परिषद की खुल गई पोल

**व्यवहारी।** नगर पालिका परिषद की खुल गई पोल बारिश में 1 घंटे आधे घंटे की बारिश में जल प्लावन की स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि लोगों के किचन से लेकर बेडरूम तक पानी लबालब भरा हुआ है जो की कुछ दिन पहले जिस ग्राउंड में माननीय मुख्यमंत्री जी का आगमन हुआ था उसे ग्राउंड में और आजू-बाजू की बस्ती में लोगों का रहना दुबर हो रहा है बारिश में और ना तो नालों की साफ सफाई हुई और ना नालियों का सही तरीके से निर्माण हुआ जो की बारिश का पानी आसानी से निकाला जा सके वार्ड नंबर 6 गोदवाल तिराहा इस तरह का मंजर देखने को मिल रहा है जो की अगर बारिश झमाझम चालू हो जाए तो लोग रात में नींद नहीं ले पाएंगे क्योंकि रात में सोते समय कही बिस्तर सहित डूब ना जाए और नगर परिषद अध्यक्ष तो उनका ध्यान ही नहीं जा रहा है की नगर परिषद का व्यवहारी का किस तरह विकास और जल प्लावन की स्थिति ना बनेआदरनीय आप सभी कों दिल से आभार ब्योहारी के बार्ड 6के गोदाबरतिराहा जहाँ पर।मुख्यमंत्री डॉमोहन यादव जी की।प्रथम नगर आगमन के साथ जनसभा।के।बाद आजतक पानी निकासी के लिये पार्षद अध्यक्ष सीएमओ।साहब।नें ध्यान नहीं दियें अब।रहबासी।के।घरों केअंदर से पानी के।साथ साथ टपरा।गोमती रखकर।जीवन यापन करने बालों का।मल।मूत्र।भी जबकि नगर अध्यक्ष महोदय के आदेश है कि पानी जमाओ।के।पहले निकासी कीं ब्यावस्था करले।





## बाबा धाम समिति द्वारा किया गया पौधारोपण

**अमलाई।** ओपीएम के बाबा धाम समिति युवा संघ ईएसआई चौक द्वारा नगर परिषद बकहो के वार्ड क्रमांक पांच में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के बाद लगातार युवाओं द्वारा नगर के अलग अलग जगहों पर पौधरोपण किया जा रहा है और दूसरों को भी पौधरोपण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। पौधरोपण में समिति के सदस्यों में दिलप तोमर, रवि गिरी, पुरषोत्तमदास गुप्ता, मोहनलाल बेदिया, रामपाल विश्वकर्मा एवं नागेंद्र दुबे सहित अन्य युवा शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास मंत्री के नाम का तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग




**बदरा/जमुना।** सीटू के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आंगनबाड़ी जिला समिति अनूपपुर के द्वारा मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास मंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया तहसीलदार के माध्यम से कामरेड अफसाना बेगम ने बताया कि उमा सोनी को 6 माह से पेमेंट नही मिला वहीं बेला बाई एक वर्ष से पेमेंट नहीं मिला है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका से काम तो सरकार के द्वारा लिया जाता लेकिन देने के नाम से सरकार के पास कोई योजना नहीं होती है। कामरेड संध्या शुक्ला ने बताया कि सरकार हम महिलाओं का शोषण कर रहीं हैं कामरेड दलवीर ने कहा कि केंद्र व राज्य में बैठी सरकार मजदूर विरोधी किसान विरोधी नौजवान छात्र महिला विरोधी है। जिले मे हाथियों के द्वारा गांव में घर का क्षति हुई है उसका मुआवजा दिया जाये कामरेड दिलीप चौधरी ने बताया कि सरकार महिलाओं के साथ अत्याचार कर रही है वही मजदूरों को गुलाम बनाने वाली नितियो को लागू करने के लिए प्रयासरत हैं। इंद्रपती सिंह जिला महासचिव ने बताया कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के बाद एनडीए के रूप में गठित केंद्र सरकार ने अपने गठन के साथ 100 दिन की जो कार्य योजना बनाई है उसमें देश के मजदूरों को गुलाम बनाने वाली श्रम संहिताओं को लागू करने की है। गत 20 जून 2024 को केंद्र सरकार के श्रम मंत्रालय ने सभी प्रदेशों के श्रम सचिवों तथा श्रम आयुक्तों की बैठक कर चार श्रम संहिताओं को लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। आजादी के पहले और बाद में मजदूरों के संघर्षों और कुर्बानियों से बने 44 श्रम कानूनों में से 29 श्रम कानूनों को चार मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं (लेबर कोड) में बदल दिया गया है। इससे 74% मजदूर सामाजिक सुरक्षा व 70% उद्योग श्रम कानूनों के दायरे से बाहर हो जाएंगे । इन चार लेबर कोड्स में हड़ताल करने पर मजदूरों हेतु सख्त सजाओं का प्रावधान किया गया हैकेंद्र सरकार ने फिक्स्ड टर्म रोजगार की अधिसूचना पहले ही जारी कर दी है, जिससे मजदूर नियमित रोजगार से वंचित हो जाएंगे । मजदूरों के काम के घंटे को 8 से बढ़ाकर 12 घंटे करने की अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। यह सरकार नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन, कोयला में एमडीओ रिवेन्यू शेयरिंग मॉडल तथा अन्य तरीकों से सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण के लिए तेजी से कदम बढ़ा रही है। देश में संभवत पहला मामला है जहां मध्य प्रदेश के अंदर कानूनी रूप से न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण के लिए निर्धारित 5 वर्ष के अंतराल के बाद होने वाले पुनरीक्षण को 9 वर्ष के बाद तमाम काट छांट करने के बाद लागू किया गया। केवल एक महीने मई 2024 के वेतन में यह मिला था तथा उसके बाद उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ द्वारा जारी स्थगन आदेश के बहाने 24 मई को श्रम आयुक्त मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए इस आदेश से बढ़े हुए वेतन को भी वापस ले लिया गया। इससे न सिर्फ यह वेतन वृद्धि छीन गई बल्कि मई 2024 में बढ़ी हुई राशि को भी वापस जबरन वसूली करने का अधिकार तमाम कारखाना मालिकों को मिल गया। श्री सिंह ने बताया कि इन कारगुजारीयो के चलते न्यूनतम वेतन कानून के दायरे में आने वाले मध्य प्रदेश के 25 लाख से ज्यादा श्रमिक कर्मचारियों में कुशल को 1625 रुपए, अर्ध कुशल को 1764 रुपए, कुशल को 2109 रुपए तथा अति कुशल को 2434 रुपए मासिक कटौती झेलनी पड़ रही है।

# होटलो में परोसी जा रही गंदगी, खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**कोतमा।** नगर सहित तहसील के अंतर्गत संचालित होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट मे खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। होटल में खुलेआम जनमानस को गंदगी परोसी जा रही है, इससे मानव जीवन मे संकट उत्पन्न होने का खतरा सताता रहता है। जहां एक ओर मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा अभियान चलाकर मिलावटखोर व शासन के खाद्य व सुरक्षा विभाग के नियमो का पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है। वहीं नगर सहित क्षेत्र मे गंदगी के बीच व्यवसाय करने वालो के ऊपर खुलेआम खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की कृपा दृष्टि बरस रही है। जहां एक ओर सरकार द्वारा अनेक हानिकारक कलर केमिकल जैसी अनेक चीजों को प्रतिबंधित किया गया फिर भी यहां खाने-पीने की वस्तु में परोसा जा रहा है और आम जनमानस के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस समय बारिस का मौसम चल रहा है ऐसे में होटल संचालकों द्वारा खाने पीने की सामग्री, पेय पदार्थ व आलूबंडा, चाट, फुल्की, मिठाई, लड्डू व खाने पीने की चीजो में मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं। अनेक होटलो में गंदगी का बोलबाला है सफाई के अभाव के चलते गंदगी व्याप्त है अनेक जगहों पर न तो ढंग से बर्तन साफ किए जाते न ही साफ सफाई का ध्यान रखा जाता है। नागरिकों ने जिला कलेक्टर से मिलकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## सिंधी गुरुद्वारा में आज निशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन

**बुढार।** रविवार को भारत विकास परिषद इकाई के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन सिंधी गुरुद्वारा में किया गया है।उक्ताशाय की जानकारी समाजसेवी पुष्पेन्द्र ताम्रकार ने देते हुए बताया कि एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ जय सिंह तनेजा के द्वारा भारतीय एक्यूप्रेशर पद्धति से लकवा, साइटिका,सवाईकल, घुटने में दर्द, एड़ी में दर्द, माइग्रेन, नसों से संबंधित सभी रोग का एक्यूप्रेशर विधिः से निशुल्क इलाज किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन सुबह साढ़े सात बजे से 9 बजे तक स्वयं आकर करा सकते हैं।

# दो प्रेमियों से परेशान प्रेमिका ने की आत्महत्या

## भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत दो आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने चंद घंटो मे सुलझाई संदिग्ध मौत की गुत्थी





**अनूपपुर।**

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 13 खम्परिया तालाब के पास किराए के मकान में निवास करने वाली 27 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत का पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार ने चंद घंटो में खुलासा कर दिया है। मामला संगीन होने के साथ ही परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताए जाने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद जैन एवं उपनिरीक्षक संजय खलको द्वारा छोटी से छोटी कड़ी को जोड़ते हुए दो प्रेमियों के बीच लगातार प्रताड़ति होकर फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में आरोपी संकल्प सिंह पिता गोविंद सिंह परिहार निवासी ग्राम बरबसपुर एवं सतन प्रजापति पिता धनीराम प्रजापति निवासी ग्राम दमना के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 108, 238 एवं 3 (5) के तहत मामला दर्ज कर दोनो आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है।

#### यह था मामला

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि महिला विन्देश्वरी उर्फ नेहा राठौर पति सौरभ शिवहरे की संदिग्ध मौत पर घटना स्थल निरीक्षण करते हुए शव को पीएम के लिए भेजा गया, जहां पीएम में मौत का कारण फांसी लगाने के कारण पाया गया। जिसके बाद कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन एवं उप निरीक्षक संजय खलकों ने मृतिका से जुड़े पुराने मामले एवं सायबर सेल की मदद से नये कड़ी को जोड़कर देखा गया। जहां पता चला कि मृतिका विन्देश्वरी राठौर निवासी कोलमी का विवाह वर्ष 2015 में फुनगा निवासी सौरभ शिवहरे से हुआ था। जिसके बाद वर्ष 2020-21 में विन्देश्वरी अपने पति से अलग हो गई थी और अनूपपुर में रहने लगी थी।

#### दुकान में काम करने के दौरान हुआ था प्रेम

पति से अलग रहने के बाद विन्देश्वरी उर्फ नेहा नितिन कपडे की दुकान में काम करने लगी थी, जहां उसकी दोस्ती दुकान में काम करने वाले सतन प्रजापति उम्र 28 वर्ष से हुईऔर दोनो एक दूसरे से प्रेम करने लगे थे, लेकिन कुछ दिनों बाद विन्देश्वरी राठौर की दोस्ती संकल्प सिंह परिहार से हो गई थी, जहां विन्देश्वरी की नजदीकी संकल्प से बढ गई। सतन प्रजापति लगातार उस पर दवाब बनाते हुए प्रताड़ति किए जाने से विन्देश्वरी परेशान थी।

#### संकल्प पर लगाया था दुष्कर्म का आरोप

मृतिका विन्देश्वरी राठौर की दोस्ती संकल्प सिंह से थी वही मृतिका ने 15 मार्च को उसके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था, जिस पर संकल्प के खिलाफ धारा 376, 376(2)(एन), 294, 506 के तहत मामला दर्ज किया था, जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है, जिस संबंध में मृतिका की गवाही न्यायालय में होनी थी, लेकिन संकल्प सिंह परिहार द्वारा उक्त प्रकरण में खुद के पक्ष में बयान बदलने हेतु लगातार विन्देश्वरी राठौर को डरा धमकाकर प्रताड़ति किया जा रहा था।

#### दोनों की प्रताडना से महिला ने लगाई फांसी

पूरे घटना क्रम में सतन प्रजापति एवं संकल्प सिंह से प्रताड़ति होकर 11 एवं 12 जुलाई की दरमियानी रात रमाकांत पांडेय के किराये के मकान में दुपट्टा का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी, जहां फांसी लगाने से पहले मृतिका ने सतन प्रजापति एवं संकल्प सिंह को फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी भी दी थी। जिसके बाद सतन प्रजापति तत्काल मृतिका विन्देश्वरी के घर पहुंचा, जहां विन्देश्वरी अपने कमरे में फांसी पर लटकी हुई थी, सतन प्रजापति ने चाकू से दुपट्टे को काटकर शव को जमीन में लेटा कर भाग गया था।

#### इनका कहना है

मामले की जांच के दौरान दो लोगो से मृतिका का संबंध होना तथा दोनो की प्रताडिता से परेशान होकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया जाना पाया गया है। दोनो ही आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**जितेन्द्र सिंह पंवार**
**पुलिस अधीक्षक अनूपपुर**

# कार सवारों ने बाइक सवारों से की लूट, मामला दर्ज

### आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस




**अनूपपुर।**

राजेन्द्रग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत बंजारी मंदिर धर्मदास पुल के पास दो बाइक सवार से कार सवार चार लोगो द्वारा मारपीट करते हुए 3 हजार 500 रूपए एवं मोबाइल फोन की लुट की घटना को अंजाम दिया गया है। शिकायत पर पुलिस ने कार में सवार सोमू सहित तीन अन्य के खिलाफ धारा 309 (6), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटे हुए है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी ने बताया कि 30 वर्षीय ओमप्रकाश पिता लालसिंह गोड़ निवासी कपरिया चौकी वेंकटनगर ने शिकायत दर्ज करवाई। जिसमे राजबली सिंह ने बताया कि 11 जुलाई की रात ग्राम हवेली में मेरे भांजा लाल सिंह की तबियत अचानक खराब हो गई है। जिसके बाद दो बाइक में चाचा शंकर सिंह, मामा रामसिंह एवं नाना नोहर सिंह के साथ ग्राम हवेली के लिये निकले। रात लगभग 10.30 बजे जैसे ही जैतहरी राजेन्द्रग्राम रोड़ स्थित बैहारघाट पार कर रूकने पर एक कार क्रमांक एमपी 65 जेडए 7862 वहां पर आकर रूकी और कार में सवार चार लोगो ने हम लोगो पूछताछ करने लगे और कार चालक ने सामू नामक व्यक्ति से मेरा मोबाइल छीन लेने के लिए बोला, जिसने मेरा मोबाइल छीन लिया और मोबाइल लूट लेने के बाद चारो लोगो ने जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके बाद हम लोग बाइक से हवेली गांव के लिए निकल गये और जैसे ही धर्मदास गांव मेन रोड़ स्थित पुल के पास पहुंचे तो वही कार हमारा पीछा करते हुए हमारे बाइक के सामने अपनी कार अचानक से रोक दिया। जिससे हम लोगो ने अपनी बाइक को खड़ा कर दिए और कार में सवार चारों लोगो ने बाइक की चॉबी निकाल कर मारपीट करते हुए लडके के जेब से 3500 रुपए जिसमें 5-5 सौ के 6 नोट एवं 100-100 के 5 नोट थे, उसे लूट कर रख लिया और चारों लोग कार में बैठ गये कार से चले गये। जहां शिकायत पर मामला पुलिस ने चारो लोगो ने मामला दर्ज किया गया है।

# 5 दिन पहले कॉलेज के सामने मिले अज्ञात युवक की नहीं हो सकी पहचान

### पुलिस एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया अंतिम संस्कार



**अनूपपुर।**

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय तुलसी महाविद्यालय के मुख्य गेट के सामने विगत 9 जुलाई की शाम कोतवाली पुलिस ने एक अज्ञात युवक जो 30 से 32 वर्ष का शव बरामद करने बाद निरंतर पहचान कराए जाने का प्रयास किया। किंतु 5 दिनों के मध्य किसी भी तरह की पहचान नही होने के कारण शनिवार को पुलिस के द्वारा सामाजिक कार्यकतार्ओं के साथ अज्ञात युवक के शव का पीएम कराने बाद सामतपुर में सोन नदी के किनारे स्थित मुक्तिधाम में पूरे हिंदू रीति-रिवाज से दफनाकर अंतिम संस्कार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार 9 जुलाई की शाम शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय के मुख्य गेट के सामने एक अज्ञात युवक जिसकी उम्र लगभग 30 से 32 वर्ष के शव होने की सूचना कोतवाली थाना अनूपपुर के सहायक निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय ने बरामद करते हुए जिला चिकित्सालय अनूपपुर के शव फ्रीजर में सुरक्षित रखाते हुए विभिन्न माध्यमों से अज्ञात युवक के पहचान का प्रयास किया। किंतु 5 दिनों के मध्य अज्ञात युवक की पहचान न होने के कारण शासकीय नियमानुसार अज्ञात मृतक के शव का पीएम कराने बाद नगर के सामतपुर में स्थित सोन नदी के किनारे मुक्तिधाम में नगर पालिका अनूपपुर के जेसीबी मशीन के माध्यम से अज्ञात युवक के शव को पूरे हिंदी हिंदू रीति-रिवाज अनुसार कफन, फूल, अगरबत्ती के माध्यम से दफनाकर अंतिम संस्कार करते हुए मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान सहायक उपनिरीक्षक संतोष पांडेय, जिला मुख्यालय अनूपपुर के सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल, जेसीबी चालक गोपाल राठौर, जिला चिकित्सालय के शव वाहन चालक गोपाल वर्मा, स्वच्छताकर्मी गणेश एवं गुड्डा प्रमुख रूप से अन्तिम संस्कार में सम्मिलित रहे हैं।

# ग्रामीणों की समस्या निदान के लिए जनप्रतिनिधियों ने शासन को सौंपा ज्ञापन



**अनूपपुर।**

28 दिन पहले छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के अनूपपुर एवं जैतहरी वन परिक्षेत्र, तहसील एवं थाना क्षेत्र में फिर से आए दो प्रवासी नर हाथी 28 दिन व्यतीत हो जाने के बाद भी अनेकों प्रयास के बाद भी वापस जाने को तैयार नहीं है। हाथियों के निरंतर विचरण करने पर अनूपपुर एवं जैतहही तहसील के दर्जनों ग्रामों के ग्रामीण निरंतर अपनी फसलो के नुकसान, घरों में तोड़फोड़ को लेकर परेशान एवं चिंतित है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, पूर्व मंत्री एवं अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह, कांग्रेस विधायक पुष्पराजगढ़ विधायक फुन्देलाल सिंह के साथ जिला पंचायत के सदस्यों संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने भी मध्यप्रदेश शासन के साथ अनूपपुर जिला प्रशासन एवं वन विभाग को पत्र सौंप कर जिले के अंदर विचरण कर रहे दो प्रवासी नर हाथियों को वापस छत्तीसगढ़ राज्य भेजे जाने या पूर्व की तरह रेस्क्यू कर पकड़ लिए जाने की मांग कर रहे हैं। हाथियों के निरंतर विचरण पर हो रहे ग्रामीणों के नुकसान से ग्रामीणों में भय, आक्रोश तथा अचानक घरों में आ जाने से हाथियों के आतंक की स्थिति बनी हुई है। रात भर हाथियों के होने से ग्रामीण एवं वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के मध्य अक्सर वाद-विवाद की स्थिति भी निर्मित होती रहती है। जिला प्रशासन, वनविभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी हाथियों के निरंतर विचरण पर नजर बनाए रखते हुए तरह-तरह के उपाय समस्या के निदान हेतु कर रहे हैं। इस बीच न तो हाथी वापस जाने को तैयार है न ही ग्रामीणों का गुस्सा शांत हो रहा है।

# मां श्री नर्मदा के नाम श्री कल्याण सेवा आश्रम ने लगाए एक हजार पौधे

### पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते किया गया पौधरोपण



**अमरकंटक।**

श्री कल्याण सेवा आश्रम के संस्थापक तपस्वी बाबा कल्याण दास जी और आश्रम के व्यवस्थापक प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि जी ने पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए अमरकंटक में शमशान घाट पर हजार पेड़ मां श्री नर्मदा के नाम पर आज वृक्षारोपण कार्य किया गया है तथा यह कार्य जब पौधे बड़े ना हो जाए तब तक आश्रम उनकी देखभाल, रख-रखाव करता रहेगा आश्रम के सभी संतगण, स्वामी जगदीशानंद जी स्वामी, हर स्वरूप जी महराज, मनीष स्वरूप जी,राकेश स्वरूप जी, स्वामी धर्मानंद जी स्वामी, सुंदरानंद जी महाराज, अमरकंटक संत मंडल के स्वामी लवलीन महाराज जी, धारकुंडी आश्रम राम नरेश शास्त्री मार्कंडेय आश्रम अमरकंटक से एवं अन्य आश्रमों के संतो ने भी पौधारोपण किया। प्रशासन की ओर से एसडीएम पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह, नायब तहसीलदार कौशलेंद्र मिश्रा पुष्पराजगढ़, सीएमओ नगर पंचायत भूपेन्द्र सिंह अमरकंटक, पटवारी अमरकंटक अश्विन तिवारी, थाना प्रभारी अमरकंटक कलीराम परते एवं नगर पंचायत अमरकंटक के पत्रकार उमाशंकर पाण्डेय मुन्नू व अन्य साथियों के सभी कर्मचारी व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में विशेष रूप से बच्चों को शामिल किया गया जिसमें श्री कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन के विद्यार्थी और अमरकंटक कल्याण सेवा आश्रम के विद्यार्थीगण ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण परिवर्तन के लिए यह एक अहम भूमिका निभाएगा। पौधारोपण करने वालो ने एक स्वर में कहा एक पेड़ मां नर्मदा के नाम सभी लगाए और उसकी देखरेख कर पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान दे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में किया जा रहा वृहद पौधरोपण

**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री जी के आव्हान पर देशभर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों के शासकीय कार्यालय परिसर के साथ-साथ ग्रामीण जनों द्वारा सुरक्षित स्थान पर पौधारोपण का कार्य किया गया इसी परिपेक्ष में शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी में 200 फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए गए।

खंपरिया तालाब परिसर में एनसीसी कैडेट्स ने रोपे पौधे

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के एनसीसी कैडेट्स ने विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में वार्ड नंबर 13 स्थित खंपरिया तालाब के किनारे एवं आसपास की खाली जगह एवं बाडी में एनसीसी के भूतपूर्व कैडेट एवं स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में रामफल, जामुन, नीम इत्यादि पौधों का रोपण किया। पौधारोपण के तहत एनसीसी के कैडेट्स ने हरियाली की ओर चले (गो ग्रीन) स्लोगन एवं प्लास्टिक/ पॉलिथीन का उपयोग नही करने का



संदेश दिया। प्रत्येक वर्ष एनसीसी के कैडेट्स द्वारा जुलाई के महीने में विद्यालय परिसर या नगर के स्थानीय खुले जगह पर पौधारोपण का कार्य किया जाता है एवं उनके संरक्षण भी किया जाता है। रैली के माध्यम से भी एनसीसी के कैडेट्स जैव विविधता के संरक्षण का संदेश भी दिया जाता हैं। अभियान अंतर्गत अमगवां संकुल मे बड़े पैमाने पर पौधे रोपे गये। वायुदूत एप पर अपलोड भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों लालन, पालन व सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश ग्रामीणों को प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### शिकायत के बाद सीएम राइज स्कूल निर्माण की हुई जांच



**अनूपपुर।** विकासखंड जैतहरी के ग्राम खूंटाटोला में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन की गुणवत्ता के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने पिछले दिनों शहडोल संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद व कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के ग्राम खूंटाटोला प्रवास के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए कमिश्नर एवं कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग (भवन) के अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का परीक्षण करने के निर्देश दिए थे जिसके पालन में लोक निर्माण विभाग (भवन) के कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी तथा उप यंत्री के दल द्वारा खूंटाटोला स्थित निर्माणाधीन सीएम राइस भवन के निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कॉलम कांक्रीटिंग में कमी पाई गई। जिस पर संविदाकार को तकनीकी अधिकारियों द्वारा निर्देशित किए जाने पर संविदाकार द्वारा कॉलम को तोड़कर पुनः अनुबंध अनुसार बनाने की कार्यवाही की गई। तकनीकी अधिकारियों ने संविदाकार को निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का ध्यान रखने तथा निर्धारित मानक का पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### जिले में 32 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 32 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र कोतमा में 62, जैतहरी में 75, वेंकटनगर में 22, तथा अनूपपुर में 34.2 तथा बिजुरी में 62.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र पुष्पराजगढ़, अमरकंटक, बेनीबारी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### कोतमा के होटल व्यवसायी को 2 लाख 75 हजार का जुर्माना

**कोतमा।** फायर सेफ्टी के निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित संस्थान और प्रतिष्ठानों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा निर्दिष्ट कार्यवाही की जा रही है। मध्य प्रदेश शासन नगरीय प्रशासन विकास एवं आवास विभाग द्वारा फायर सेफ्टी निर्देश के अनुपालन में नगर पालिका कोतमा क्षेत्रांतर्गत स्थित होटल श्याम पैलेस के संचालक को उनके होटल में फायर सेफ्टी प्लान, फायर सेफ्टी एनओसी एवं सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने तथा अपना पक्ष समर्थन किए जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)कोतमा के कार्यालय से सूचना पत्र दिनांक 26जून 2024 को जारी किया गया था। इस समयावधि में होटल संचालक द्वारा वांछित फायर सेफ्टी प्लान और एनओसी प्रस्तुत नहीं करने पर जारी सर्कुलर के अनुसार अर्थदंड की राशि की गणना कर जुमार्ना रुपए 2 लाख 75 हजार अधिरोपित किया गया। नोटिस समयावधि के दौरान अधिरोपित राशि जमा नहीं किए जाने पर 12 जुलाई 2024 को संस्थान को सीज करने की कार्यवाही को दृष्टिगत आधे घंटे पहले होटल व्यवसायी श्री अग्रवाल द्वारा अधिरोपित राशि रुपए 2 लाख 75 हजार नगर पालिका कार्यालय कोतमा में जमा कराया गया तथा फायर सेफ्टी से संबंधित प्लान और एनओसी आदि प्राप्त करने की कार्यवाही कार्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन शहडोल संभाग शहडोल में प्रक्रियाधीन होने से समय प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

### पीएमश्री एक्सीलेंस कॉलेज का गृहमंत्री करेंगे शुरूआत

**अनूपपुर।** प्रदेश में 14 जुलाई को पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज का शुभारंभ किया जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इंदौर के अटल बिहारी वाजपेयी सरकारी कला वाणिज्य महाविद्यालय से इसकी शुरूआत करेंगे। इस कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए राज्य सरकार ने 32 मंत्रियों को अलग-अलग जिलों में तैनात किया है।